राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,बिजनौर
Rajkiya Engineering College, Bijnor
An Institute of Government of Uttar Pradesh
(AICTE APPROVED)
Jaleelpur Road, Near Eidgah, Chandpur, Distt- Bijnor, Uttar Pradesh, India -246725,
Website : www.recb.ac.in
Ph: 01345-221301
Fax 01345-221302

पत्रांक संः रा0इ0का0 / छ0प्र0 / छा0सू0 / 2021–22 / 10-6 दिनांकः 15 / 11 / 2021

## –: छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित आवश्यक सूचना :–

संस्थान में अध्ययनरत् छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु पात्र नव प्रवेशित बी0टेक प्रथम व द्वितीय, (लेटरल इन्ट्री) छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2021–22 में छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन को ऑन लाइन के माध्यम से फार्म भरने से पहले निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुये छात्र–छात्रायें अपना–अपना छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार निर्धारित तिथि के अनुसार भरना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए छात्र–छात्राए स्वयं जिम्मेदार होगें।

1. सत्र 2021–22 में नव प्रवेशित पात्र छात्र–छात्रायें नवीन श्रेणी (Fress) में आवेदन करेगें ।
2. समस्त नव प्रवेशित छात्रों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी छात्र–छात्रा के द्वारा पूर्व में कोई पाठ्यक्रम को छोड़ने के उपरान्त प्रवेश लिया गया हैं। तो वह वर्तमान सत्र में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ती हेतु पात्र नही होगा। वह वर्तमान पाठ्यक्रम के अगले सत्र में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ती हेतु पात्र माना जायेगा। सम्बन्धित छात्रों को तबतक अपना खर्च स्वयं वहन करना होगा।
3. नवीन श्रेणी के छात्र–छात्रायें छात्रवृत्ति आवेदन को अंतिम स्तर पर जमा करने से पूर्ण यह सूनिश्चित कर ले कि उनके द्वारा आवेदन में जो सूचना प्रविष्ट की गई है वह पूर्ण रूप से सही होनी चाहिए। जैसे :– गत वर्ष का प्राप्तांक / पूर्णक, वर्तमान सत्र में प्रवेश की तिथि, बैंक खाता संख्या, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के क्रमांक इत्यादि।
4. नवीन श्रेणी के छात्र–छात्रायें को सूचित किया जाता है कि छात्रवृत्ति आवेदन के समय छात्र–छात्राओं के द्वारा लगाया जाने वाला आय एवं जाति प्रमाण पाठ्यक्रम पूर्ण होने तक वैद्य ही रहेगा। उसकी तिथि निकलने पर भी अन्य प्रमाण पत्र न लगाया जाये। यदि किसी भी छात्र–छात्रा के द्वारा उपरोक्त प्रमाण पत्र बदल देता है। तो उसका छात्रवृत्ति आवेदन निरस्त माना जायेगा। एवं पात्र छात्र–छात्रा का आय प्रमाण पत्र केवल अभिभावक का ही मान्य होगा। अन्य पर विचार नही किया जायेगा।
5. वर्ष 2021–22 में नवीन श्रेणी के छात्रों को आधार नम्बर भरना अनिवार्य होगा। तथा छात्र–छात्राओं को अपना आधार कार्ड न0 को सम्बन्धित बैक खाता से लिंक कराना अनिवार्य है।
6. संस्थान में अध्ययनरत अभ्यार्थी को समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार निर्धारित अन्तिम तिथि तक ऑनलाइन छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति के आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण करना अनिवार्या होगा। अन्तिम तिथि के पश्चात् भरे जाने वाले ऑनलाइन छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।
7. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति, अभ्यार्थी की संतोष जनक प्रगति एवं आचरण पर निर्भर करती है। यदि किसी समय संस्थान प्रमुख द्वारा समाज कल्याण विभाग को सूचित किया जाता है कि कोई अभ्यार्थी स्वंय अपने आचरण अथवा चूक के कारण संतोष जनक प्रगति करने में असफल रहा है अथवा उसे दुर्व्यवहार जैसे– हडताल करने या उसमें भाग लेने, सम्बन्धित प्राधिकारियों की अनुमति के बगैर उपस्थिति में अनियमितता आदि में दोषी पाया जाता है तो छात्रवृत्ति संस्वीकृत करने वाला प्राधिकारी या तो छात्रवृत्ति रद्द कर सकता है या तो रोक सकता है। या ऐसी अवधि, जो वह उचित समझे, तक के लिये आगे का भुगतान रोक सकता है।
8. छात्रों की **कक्षाओं में 75% उपस्थिति अनिवार्य है** जिन छात्र–छात्राओं की कक्षाओं में उपस्थिति 75% से कम पायी जाती है उन छात्र–छात्राओं का छात्रवृत्ति फार्म को संस्थान से अग्रेसित नही किया जायेगा। जिसके लिए छात्र–छात्रा स्वयं जिम्मेदार होगें।

(सन्तोष कुमार)
**नोडल अधिकारी**
**छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ**
राजकीय इंजी0 कालेज बिजनौर

प्रतिलिपि :–
1. मा0 निदेशक महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. छात्रवृत्ति जॉच कमेटी के सदस्यों को इस आशय से की समस्त अभिलेखों को जॉचोपरान्त फार्म अग्रसारित करने की कष्ट करें।
5. वेबसाइट प्रभारी को पत्र वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
6. समस्त सूचना पट्ट / समस्त छात्रावास सूचना पट्ट।
7. विभागीय पत्रावली।

(सन्तोष कुमार)
नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ
राजकीय इंजी0 कालेज बिजनौर

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,बिजनौर
Rajkiya Engineering College, Bijnor
An Institute of Government of Uttar Pradesh
(AICTE APPROVED)
Jaleelpur Road, Near Eidgah, Chandpur, Distt- Bijnor, Uttar Pradesh, India -246725,
Website : www.recb.ac.in
Ph: 01345-2213[illegible]
Fax 01345-221[illegible]

पत्रांक सं0: रा0इ0का0 / छ0प्र0 / छा0सू0 / 2021–22 / 10-b

दिनांकः 15 / 11 / 2021

# –:: अतिमहत्वपूर्ण सूचना ::–

सत्र 2021–22 हेतु संस्थान में नव प्रवेशित बी0टेक प्रथम व द्वितीय, (लेटरल इन्ट्री) के छात्रवृत्ति हेतु पात्र छात्र–छात्राओं का छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन फार्म ऑन लाइन के माध्यम से भरा जाना है। समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट **www.scholarship.up.nic.in** पर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ती आवेदन करने के उपरान्त उसका प्रिन्ट लेकर सभी संलग्नकों सहित हार्ड कापी के साथ साफ्ट कापी (अधिकतम् 2 एम0 बी0) जमा किया जाना अनिवार्य है। जिसके लिए आप को समयानुसार ई मेल के माध्यम से सूचना प्रेषित कर दी जायेगी। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन के साथ निम्न लिखित संलग्नको का विवरण निम्नवत् है।

**संलग्नक :**

1. दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति ऑनलाइन फीडेड आवेदन पत्र की प्रिन्ट की कापी।
2. हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट की मार्कसीट व पास सर्टिफिकेट की फोटो कापी।
3. गत वर्ष के परीक्षा परिणाम की छाया प्रति।
4. आय प्रमाण–पत्र (माता–पिता / अभिभावक के नाम) तथा इन्टरनेट की सत्यापन प्रति के साथ। (छात्र–छात्रा के नाम का आय प्रमाण पत्र किसी भी दशा में मान्य नही होगा। )
5. जाति प्रमाण पत्र की फोटो कापी इन्टरनेट की सत्यापन प्रति के साथ (सामान्य वर्ग को छोड़कर)।
6. निवास प्रमाण–पत्र की फोटो कापी। (उ0प्र0 राज्य का स्थाई निवासी हो)
7. संस्थान में जमा किये गये शुल्क की रसीद (रसीद संख्या सहीत) की फोटो कापी। (यदि आवेदन में विवरण दिया हो)
8. यदि छात्र हास्टल में आवासित है, तो हास्टल द्वारा प्रदान की गयी शुल्क की रसीद की सत्यापित प्रति।
9. बैक पास बुक की छाया प्रति (जिसमें छात्र / छात्रा के नाम व खाता संख्या एवं IFSC कोड अंकित हो) संस्था में संचालित बैक का हो एवं सभी छात्रों का आधार बैंक से लिंक होना अनिवार्य है।
10. छात्र एवं उनके माता–पिता / अभिभावक द्वारा रू0 10 / – के स्टाम पेपर पर इस आशय का शपथ–पत्र कि छात्र के आवेदन पत्र के साथ संलग्न आय प्रमाण पत्र में दर्शायी गयी आय समस्त स्रोतों से सही है एवं इसके अतिरिक्त आय का कोई श्रोत नहीं है, नोटरी कराकर संलग्न करें।
11. शिक्षा में अन्तराल होने की दशा में रू0 10 / – के स्टाम पेपर पर इस आशय का शपथ–पत्र नोटरी कराकर संलग्न करें।
12. छात्र – छात्रा एवं उनके माता – पिता के आधार कार्ड की छायाप्रति।
13. शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन में केवल अनिवार्य नॉन रिफेन्डेंबिल शुल्क भरा जाना अनिवार्य है।

| समाज कल्याण विभाग द्वारा दिये जाने वाला नॉन रिफन्डेबुल शुल्क | |
|---|---|
| 1st Year | 2nd Year (Lateral Entry) |
| रू0 55,045/- | रू0 55,045/- |

**नोट :–**

1. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ती के आवेदन फार्म को अन्तिम स्तर पर जमा करने से पूर्व छात्र–छात्राऐं यह सूनिश्चित कर ले कि आप के द्वारा प्रविष्ट सूचना सही होनी चाहिए। सही से जॉच कराने के बाद ही अन्तिम स्तर पर जमा करने के उपरान्त प्रिन्ट लें। किसी भी प्रकार की त्रुटि होने की दशा में छात्र–छात्राए स्वयं जिम्मेदार होगें।
2. छात्र–छात्राओ को अपने माता–पिता, जिनका आय प्रमाण संलग्न हैं, का पेन कार्ड लगाना अनिवार्य है।
3. समस्त छात्र–छात्राये छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ती आवेदन फार्म के साथ दस्तावेजों की स्वः प्रमाणित प्रति ही सलग्न करें।
4. इच्छुक छात्र–छात्रायें जो भी अपना खाता पंजाब नेशनल बैक चान्दपुर बिजनौर में खोलना चाहते हो वो संस्थान की वेबसाइट पर नोटिस में दिये गये लिंक के माध्यम से अपना खाता खोलना सुनिश्चित करें।

(संतोष कुमार)
नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ
राजकीय इंजी0 कालेज विजनौर

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज,बिजनौर
Rajkiya Engineering College, Bijnor
An Institute of Government of Uttar Pradesh
(AICTE APPROVED)
Jaleelpur Road, Near Eidgah, Chandpur, Distt- Bijnor, Uttar Pradesh, India -246725,
Website : www.recb.ac.in
Ph: 01345-221301
Fax 01345-221302

संदर्भ संख्या : रा0इ0का0 / छा0प्र0 / आ0सू0 / 2020–21 / 11

दिनांक : 18 / 11 / 2021
(संस्थान कोड : 735)

## —:: अतिआवश्यक सूचना ::—

संस्थान में अध्ययनरत् सभी छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ती हेतु पात्र छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 में नव प्रवेशित इच्छुक छात्र–छात्रायें जो भी अपना खाता संस्थान से सम्बद्व बैंक पंजाब नेशनल बैक, चान्दपुर बिजनौर में खोलना चाहते हो वो दिये गये लिंक के माध्यम से अपना खाता खोलना सुनिश्चित करें। लिंक के माध्यय से अपनी सूचना को अपडेट करने के उपरान्त संदेश प्राप्त होने के उपरान्त नीचे दिये गये आवश्यक दस्तावेज के साथ बैंक परिसर में खाता संख्या प्राप्त करने हेतु भौतिकस्तर पर अनिवार्य रूप से संम्पर्क करे।

https://pnbnet.org.in/OOSA/

आवश्यक दस्तावेज :–

- Bonafide certificate including residing place
- 3 Photos
- Aadhar Card Photocopy

(संतोष कुमार)
नोडल अधिकारी
छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ
राजकीय इंजी० कालेज बिजनौर